दिनांक 27.06.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

यातायात व्यवस्था एवं चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण के लिए नोडल अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने ली बैठक

भिलाईनगर/ शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जीई रोड के सभी चौक सहित शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से अतिक्रमण को हटाकर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ एलईडी स्क्रीन एवं लाईट से रौशन किया जायेगा। अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह ने जीई रोड में प्रस्तावित फ्लाई ओवर निर्माण को ध्यान में रखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने तथा चौक-चौराहों को हाईटेक बनाये जाने हेतु सभी जोन आयुक्तों की बैठक में कहा कि नेहरु नगर चौक, सूर्या मॉल, सुपेला, पावर हाउस, चन्द्रा मौर्या, खुर्सीपार चौक, डबरा पारा तिराहा जहां से जीई रोड का फ्लाई ओवर गुजरना है इन चौकों पर पर्याप्त रौशनी हेतु चौक के चारों दिशा में एलईडी लाईट की व्यवस्था किया जाना है चुंकि फ्लाई ओवर का निर्माण जीई रोड के बीचोबीच होना है स्वाभाविक रुप से वाहनों का दबाव सर्विस रोड पर बढ़ जायेगा इसे ध्यान में रखते हुए चौक के रोड किनारे हुए अतिक्रमण को मुक्त करा लेवें। आकाश गंगा, दक्षिण गंगोत्री, पावर हाउस, जवाहर मार्केट, जैसे व्यस्तम स्थल पर पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था हेतु स्थल चयन कर पार्किगं जोन घोषित करते हुए आवश्यकतानुसार मार्केट क्षेत्र में नो पार्किगं जोन का चिन्हांकन कर वहां बोर्ड भी लगावें। सभी स्थलों पर शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं जनहित में आवश्यक विषयवस्तु प्रसारित किये जाने हेतु एलईडी स्क्रीन, ग्लो साईन बोर्ड, होर्डिंग्स भी लगाये जायेंगे। जीई रोड से लगे निगम के सर्विस रोड में किये गये पार्किंग को पुलिस की मदद से खाली करवाया जायेगा ताकि फ्लाई ओवर निर्माण के दौरान वाहनों का आवाजाही व्यवस्थित ढ़ंग से हो सके।

बैठक में जोन आयुक्त बी 0के0 देवांगन, डी0के0 वर्मा, संजय बागड़े, टी0के0 रणदिवे, सुनील दुबे, के0के0 गुप्ता, रमन शर्मा, अर्पित बंजारे, पी0सी0 सार्वा, शरद दुबे, उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी